



खबर संक्षेप

## पुलिसकर्मियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**रायगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 18 नवंबर को पूरे देश में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक शपथ अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत रायगढ़ जिले के सभी थाना और चौकियों में पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। एसपी कार्यालय में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक सुशांतो बनर्जी, डीसीबी प्रभारी सब इंस्पेक्टर हेतराम सिदार तथा कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। थाना, चौकियों में प्रभारीगण ने अधिनस्थों को प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## युवारत्न पुरस्कार के लिए 30 तक आवेदन

**सारंगढ़।** छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में युवारत्न पुरस्कार हेतु इच्छुक व्यक्ति और संगठन से 30 नवम्बर तक कार्यालयीन समय तक कार्यालय खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ 496445 में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं और कार्यालय से अधिक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त भी कर सकते हैं। युवारत्न सम्मान योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र जैसे साधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य हेतु 01 युवा एवं 01 स्वैच्छिक संगठन को छत्तीसगढ़ युवारत्न सम्मान जिसमें क्रमशः 01 युवा को 2.5 लाख रूपये एवं 01 संगठन को 5 लाख रुपए पुरस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण क्षेत्र, युवारत्न सम्मान महिला एवं बाल विकास, युवारत्न सम्मान मीडिया, युवारत्न सम्मान स्वास्थ्य, युवारत्न सम्मान विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी, युवारत्न सम्मान दिव्यांजन, युवारत्न सम्मान कला एवं संगीत एवं युवारत्न सम्मान लोक कला में सम्मान किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक क्षेत्र में 01 युवा को 01 लाख पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान किया जाएगा।

## गिरसा, छिंद और भोजपुर में अवैध धान जब्त

**सारंगढ़।** सारंगढ़ तहसील के ग्राम भोजपुर में मंडी के पंजीकृत फर्म गोगाजी ट्रेडर्स के गोदाम परिसर में धान मात्रा 130 बोरी 52 क्विंटल एवं ग्राम छिंद में यश ट्रेडर्स के गोदाम परिसर में धान मात्रा 115 बोरी 46 क्विंटल अवैध भंडारित होने के कारण मंडी अधिनियम के तहत जप्ती प्रकरण बनाया गया। जांच दल में मंडी सचिव राजेन्द्र कुमार ध्रुव उपनिरीक्षक अंजू दिनकर प्रीति तिर्की एवं डीके साहू, जगदीश बरेठ शामिल रहे। इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम गिरसा निवासी भगतराम साहू के प्रतिष्ठान में मंडी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा जांच पर 50 बोरी धान वजन 20 क्विंटल अवैध रूप से भंडारित कर रखा पाया गया, जिसे मंडी अधिनियम द्वारा जप्त करने की कार्रवाई की गई।

### परंपरागत, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, ज्यादा रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करना है मुख्य उद्देश्य

# रासायनिक उर्वरकों से खराब हो रहे खेतों को अब बचाएंगे धरती माता बचाओ अभियान से

**देश भर में एक साथ लागू की गई है योजना, प्रदेश में लागू होने के बाद चालू हो गई कमेटी गठन की प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेहिसाब रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से खराब हो रही खेतों को बचाने अब कृषि एवं किसान कल्याण भारत सरकार द्वारा धरती माता बचाओ अभियान योजना लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य परंपरागत, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, ज्यादा रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करना है। यह योजना पूरे देश में लागू किया गया है। इसके लिए जिला से लेकर ब्लॉक और ग्राम स्तर पर एक-एक कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी जरुरत से ज्यादा रासायनिक खपत की निगरानी करेगी। साथ ही वहां गांवों में हो रही रासायनिक खादों की आपूर्ति पर भी नजर रखेगी। इसकी समीक्षा कृषि एवं किसान कल्याण भारत सरकार द्वारा हर सप्ताह शुक्रवार को की जाएगी। इसमें ग्राम पंचायत स्तर की जो कमेटी होगी वह अनुविभाग को रिपोर्टिंग करेगी। अनुविभाग जिले और जिला कमेटी राज्य स्तर पर रिपोर्टिंग करेगी। इस तरह एक चैनल के हिसाब से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। कुल मिला कर रासायनिक खाद का उपयोग को कम करना है और करना भी है तो संतुलित मात्रा में। इसके लिए सबसे अहम रासायनिक खाद की आपूर्ति पर निगरानी रखना है।

समय का पहिया अब घूमकर 25-30 साल पूर्व की ओर लौटने लगा है। याने उस दौर में खेतों में गोबर खाद का ही उपयोग किया जाता था। लोगों को शुद्ध खाना मिलता था। धीरे-धीरे समय बदलते गया और एक समय ऐसा आया कि उत्पादन बढ़ाने के लिए खेतों में बेहिसाब रासायनिक खाद का उपयोग होने लगा। इस वजह से धीरे-धीरे खेत हमारा बीमार होने लगा है। अभी का वक्त ऐसा है कि जहां 10 किलो खाद की जरुरत है वहां 30 किलो उपयोग किया जा रहा है। इसके कारण खेत का मिजाज बिगड़ते जा रहा है। इसी को सुधारने के लिए अब फिर से परंपरागत, जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाना पड़ रहा है। इसके लिए अब कृषि एवं किसान कल्याण भारत सरकार द्वारा धरती बचाओ अभियान लागू किया गया है। यह योजना पूरे देश में एक साथ लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करना ही है।



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### ऐसे गठित की जाएगी कमेटी

धरती माता बचाओ अभियान योजना के तहत धरती माता बचाओ निगरानी समिति गठित की जाएगी। इसमें ग्राम स्तरीय कमेटी में ग्राम प्रधान को चेयरपर्सन, पंचायत सचिव, कृषि सखी, ड्रोन दीदी, एफपीओ और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को शामिल किया जाएगा। अनुविभाग स्तर पर जो कमेटी बनेगी उसमें एसडीएम चेयरपर्सन, एसडीओ कृषि सदस्य सचिव, सभी फर्टिलाइजर एसोसिएशन के प्रतिनिधि और सहकारिता विभाग के एक अधिकारी बतौर सदस्य शामिल होंगे। जिला स्तरीय कमेटी में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ दोनों को-चेयर रहेंगे। साथ ही एसपी सहकारिता के जिला स्तर के अधिकारी, फर्टिलाइजर कंपनी के प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कृषि उप संचालक बतौर कन्वेयर रहेंगे।

### 24 अक्टूबर को आया कृषि विभाग में पत्र

केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से धरती माता बचाओ अभियान योजना लागू करने के बाद बीते 7 अगस्त को देश भर के मुख्य सचिवों को पत्र जारी किया गया है। यह पत्र कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और केमिकल एंड फर्टिलाइजर विभाग के सचिव द्वारा संयुक्त रुप से देश के हर राज्य के प्रमुख सचिवों को पत्र भेजा गया है। इस पत्र में इस योजना उद्धेश्य, लक्ष्य और इसकी जरुरत क्यों पड़ी इसका उल्लेख किया गया है। साथ ही पत्र में फर्टिलाइजर कंट्रोल आर्डर 1995 के प्रावधानों का भी उल्लेख किया गया है। इसके लिए धरती माता बचाओ निगरानी समिति गठित करने के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई है। इसी गाइड लाइन के तहत कमेटी गठित की जाएगी। हालांकि इसमें किस कमेटी में कौन रहेगा उसका भी उल्लेख कर दिया गया है।

### जिले में गठित हो चुकी है कमेटी

रायगढ़ जिले में जिला, अनुविभाग स्तर पर कमेटी गठित हो चुकी है। ग्राम स्तर पर भी कुछ कमेटी बनाई जा चुकी है। इस सप्ताह गठित कमेटियों की पूरी जानकारी भारत सरकार को भेजना होगा। अभी ग्राम स्तर पर ही कमेटी का गठन बाकी है। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

> धरती माता बचाओ अभियान योजना कृषि एवं किसान कल्याण भारत सरकार द्वारा अभी लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य परंपरागत, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, ज्यादा रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करना है। यह योजना पूरे देश में लागू किया गया है। इसके लिए जिला और अनुविभाग स्तरीय कमेटी गठित की जा चुकी है। ग्राम स्तर पर समितियों का गठन चल रहा है।
>
> **अनिल वर्मा**
> उप संचालक कृषि

## गारे पेलमा कोल ब्लॉक प्रभावित भूमि स्वामियों को मिलेगा लाभ

**तमनार।** छत्तीसगढ़ गारे पेलमा कोयला ब्लॉक की प्रस्तावित जनसुनवाई से पहले परियोजना से प्रभावित गांवों की भूमि अधिग्रहण के लिए गाइडलाइन दर 2019-20 एवं केंदीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी आदेश 7 नवम्बर के आधार पर चार गुना तक मुआवज़ा तय किया गया है। जारी की गई सूची में सिंचित और असिंचित भूमि दोनों के लिए गाँव वार दरें शामिल हैं। धौराभाठा, समकेरा, टांगरघाट और आमगांव जैसे गाँवों में सिंचित भूमि का मुआवज़ा 39 लाख से 42 लाख प्रति एकड़ तथा असिंचित भूमि का मुआवज़ा 33 लाख से 36 लाख प्रति एकड़ के बीच निर्धारित है। आमगांव 39.97 लाख सिंचित, 33.17 लाख असिंचित धौराभाठा 42.27 लाख, 35.35 लाख, समकेरा 40.73 लाख, 33.80 लाख, टांगरघाटरू 40.34 लाख, 33.47 लाख, बागबाड़ी, झरना, झिंकाबहाल, लिबरा, तिलाईपारा, लगभग 38 लाख सिंचित यह मुआवज़ा 2019-20 एवं केंदीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी आदेश 7 नवम्बर के आधार पर चार गुनाकृजिसमें 100 सोलैटियम शामिल है छत्तीसगढ़ शासन की राजपत्र अधिसूचना 2 मई 2019 के अनुरूप निर्धारित किया गया है। भविष्य में गाइडलाइन दरों में संशोधन होने पर अधिग्रहण की दरें भी उसी अनुसार अद्यतन होंगी।

## बीएसएनएल टावर से जनरेटर चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने बीएसएनएल टावर से चोरी हुए जनरेटर मामले का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों और चोरी में सहयोगी रहे पिकअप वाहन चालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जनरेटर, बाइक, पिकअप वाहन और चोरी में प्रयुक्त हाइड्रा वाहन बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 6 लाख 44 हजार 400 रुए बताई जा रही है।

बीएसएनएल घरघोड़ा में पदस्थ कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी मुकेश कुमार सिदार ने 15 नवंबर को थाना पूंजीपथरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क स्थित बीएसएनएल टावर में वर्ष 2006 में स्थापित इंजन अल्टरनेटर सेट (जनरेटर) को 12 नवंबर की दोपहर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें संदिग्ध पिकअप वाहन दिखाई दिया। वाहन की लोकेशन ट्रैक करते हुए पुलिस ने चालक पनबुडी कुजूर निवासी जगतपुर ढिमरापुर थाना कोतवाली को धर दबोचा, जिसने पूछताछ में तीन संदिग्ध युवकों के नाम बताए, जिनमें अमित, दुर्योधन उरांव व कालीचरण निषाद दोनों निवासी ग्राम कलमा थाना चंद्रपुर, जिला सक्ती शामिल थे। पुलिस ने अमित के घर दबिश दी, पर वह फरार मिला। इसके बाद टीम चंद्रपुर के ग्राम कलमा पहुंची और वहां से दुर्योधन उरांव व कालीचरण निषाद को हिरासत में लिया, जिन्होंने जनरेटर चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपी दुर्योधन उरांव ने खुलासा किया कि उसने जिंदल पार्क गेट के पास लगे बीएसएनएल टावर में जनरेटर देखा और उसे चोरी करने की योजना बनाई। 12 नवंबर को वह कालीचरण निषाद के साथ मोटरसाइकिल पर रायगढ़ आया और वहां साथी अमित से मिला। तीनों ने ढिमरापुर चौक से पिकअप चालक पनबुडी कुजूर को साथ लिया और पूंजीपथरा पहुंचे। आरोपियों ने एक हाइड्रा वाहन किराए पर लेकर टावर के पास पहुंचे और जनरेटर को उठाकर पिकअप में लोड कर फरार हो गए। बाद में कालीचरण निषाद के निशानदेही पर जनरेटर, दुर्योधन उरांव से चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पनबुडी कुजूर से पिकअप बरामद की गई।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन, मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग से छात्रों का हो रहा मोह भंग

**पॉलिटेक्निक कॉलेज में 6 सालों में इन ब्रांचों की नहीं भरी सीटें मैटलर्जिकल का भी यह हाल**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इलेक्टॉनिक्स एंड टेली कम्यूनिकेशन व मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग से छात्रों का मोह भंग होता जा रहा है। यह हम नहीं बल्कि पॉलिटेक्निक कॉलेज का एडमिशन रिकार्ड कह रहा है। सबसे पुराना शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में 6 सालों में ईटी एंड टी ब्रांच की सीट कभी फुल नहीं हुई है। मैटलर्जिकल ब्रांच का भी इसी तरह के हालात हैं।

सीटें फुल नहीं होने के पीछे की वजह कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्रों में जागरूकता की कमी को बताया जा रहा है। पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रबंधन की मानें तो इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन में प्लेसमेंट 100 प्रतिशत है, लेकिन गांव के बच्चों में जागरूकता की कमी होने के कारण वो इस ब्रांच को नहीं जान पाते हैं। इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व सिविल पुराने ब्रांच हैं, इसलिए बच्चों को इसके बारे में ही जानकारी और ज्यादा रूचि रहती है। जैसे जो बच्चे इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करना चाहते हैं वो अगर अपने सीनियर जो पहले डिप्लोमा कर चुके हैं उनसे मार्गदर्शन लेते हैं तो उन्हें इन्हीं तीन ब्रांचों के बारे में ही बताया जाता है। जबकि इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग नए ब्रांच हैं, इस बारे में बच्चों को जानकारी ही नहीं मिल पाती है। बाद में जब तीनों पुराने ब्रांचों की सीट भर जाती है तब अंत में इन्हें इन नए ब्रांचों की जानकारी मिलती है और फिर एडमिशन होता है। जिससे इनकी सीटें पूरी भर ही नहीं पाती हैं। इसके अलावा मैटलर्जिकल में कंपनी स्टूडेंट की मांग करती है, लेकिन जानकारी के अभाव में इस ब्रांच की सीट भी फुल नहीं हो पाती। जबकि कॉलेज प्रबंधन का दावा है कि मैटलर्जिकल एक अच्छा ब्रांच है जिसमें नौकरी की गारंटी होती है। अगर कोई छात्र मैटलर्जिकल लेकर तीन साल अच्छे से पढ़ाई करता है और यदि 10वीं, 12वीं में उसका 60 प्रतिशत से उपर है तो उसका प्लेसमेंट होना तय है।

### 6 सालों में पॉलिटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन की स्थिति

- सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुल 42 सीटे हैं, जिसमें 2020-21 में 42, 2021-22 में 40, 2022-23 में 32, 2023-24 में 42, 2024-25 में 28 व 2025-26 में 42 एडमिशन हुए हैं।
- कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में भी कुल 42 सीटे हैं, जिसमें 2020-21 में 42, 2021-22 में 32, 2022-23 में 29, 2023-24 में 41, 2024-25 में 40 व 2025-26 में 42 एडमिशन हुए हैं।
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी कुल 84 सीटे हैं, इसकी सीटें हर साल फुल हो जाती है। वर्ष 2020-21 में 84, 2021-22 में 84, 2022-23 में 84, 2023-24 में 84, 2024-25 में 84 व 2025-26 में 84 एडमिशन हुए हैं।

इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन ब्रांच में कुल 42 सीटे हैं, जिसमें 2020-21 में 26, 2021-22 में 06, 2022-23 में 01, 2023-24 में 30, 2024-25 में 01 व 2025-26 में 08 एडमिशन हुए हैं।

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुल 84 सीटे हैं, जिसमें 2020-21 में 84, 2021-22 में 76, 2022-23 में 68, 2023-24 में 84, 2024-25 में 84 व 2025-26 में 83 एडमिशन हुए हैं।
- मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुल 42 सीटे हैं, जिसमें 2020-21 में 40, 2021-22 में 13, 2022-23 में 19, 2023-24 में 40, 2024-25 में 39 व 2025-26 में 42 एडमिशन हुए हैं।

### जानकारी के अभाव में दूसरे जिले चले जाते हैं बच्चे

बच्चों के परिवार वाले भी शुरू से ही ब्रांच के चयन को लेकर उनकी मानसिकता को बदल देते हैं। अगर किसी बच्चे के घर या परिवार में कोई इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व सिविल किया है तो वो बच्चों को वही करने की सलाह देते हैं। जब बच्चे रायगढ़ के पॉलेटेक्निक कॉलेज में इन ब्राचों में एडमिशन लेने का प्रयास करते हैं और सीट फुल होने की जानकारी मिलती है तो वो कोरबा, जांजगीर, दुर्ग व महासमुंद जिले इन ब्राचों की पढ़ाई करने चले जाते हैं। जबकि शहर में ही इन तीन पुराने ब्राचों के अलावा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन व मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग जैसे नए ब्रांच भी हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में बच्चे इन ब्राचों में एडमिशन ले नहीं पा रहे हैं।

### स्कूलों में जा-जाकर करते हैं जागरूक

किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रबंधन द्वारा हर साल दिसंबर के बाद जब बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा खत्म हो जाती है तब जिले के स्कूलों में जा-जाकर 10वीं, 11वीं और 12 के बच्चों को जागरूक किया जाता है। वहीं जिन ब्रांचों में प्रवेश कम हैं उन ब्रांचों में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके बाद भी 6 सालों से स्थिति में सुधार देखने को नहीं मिला है।

### इसलिए इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल का ज्यादा क्रेज

इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल में सीटें लगभग पूरी भर जाने का कारण यह है कि प्लेसमेंट मैकेनिकल में बहुत अच्छा है, जिसमें रायगढ़ के प्लांट, थर्मल प्लांट में प्लेसमेंट आसानी से हो जाता है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल वाले बच्चों का पॉवर प्लांट में भी सलेक्शन आसानी से हो जाता है। वहीं सीएसईबी में भी जूनियर इंजीनियर की शासकीय वेकेंसी निकलती है, जहां सलेक्शन हो जाता है। इसलिए दोनों ब्राचों का छात्रों के बीच जबरदस्त क्रेज है।

> इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल पुराने ब्रांच हैं और इसमें प्लेसमेंट आसानी से होता है। इसलिए छात्रों के बीच इसका क्रेज ज्यादा है। जबकि इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन व मैटलर्जिकल नए ब्रांच होने की वजह से ज्यादातर बच्चों को इसकी जानकारी नहीं है। जागरूकता के अभाव में इन विषयों के सीट भर नहीं पाते। हालांकि हमारे द्वारा स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जाता है।
>
> **बजरंग पाणिग्राही**
> मीडिया प्रभारी, पॉलिटेक्निक कॉलेज

### खरसिया थाना क्षेत्र मामला, आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार

# ट्रक ने बस को मारी टक्कर, कंडक्टर की मौत, दर्जनभर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़/खरसिया

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 49 में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दर्जनभर यात्री घायल हो गए। घायलों का खरसिया और रायगढ़ के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

खरसिया से पत्थलगांव जा रही सद्भावना बस सुबह करीब 10 बजे अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई थी। बस में करीब 35 से 40 यात्री सवार थे। बस जैसे ही एनएच 49 में चोढ़ा चौक के पास पहुंची तभी सामने से आ रही एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद बस मौके पर ही पलट गई और घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री अंदर ही फंस गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल बस कंडक्टर को अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जबकि करीब दर्जनभर घायल यात्रियों का खरसिया और रायगढ़ के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर वाहन जप्त कर लिया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है। घटना के बाद खरसिया क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।



### हादसे में ये हुए हैं घायल

इस सड़क हादसे में पठानपारा निवासी मोहम्मद अनीश (45) की मौत हो गई है। जबकि प्रियंका तुरी (8) निवासी धमउधारा, अतवारा (28) निवासी भागोडीह, गुड़िया सादव निवासी अंजोरीपाली, रामेश्वरी (40) निवासी चोटिया, मदन भट्ट (40) निवासी मदनपुर, ईश्वर (50) निवासी अंजोरीपाली, प्राविशिनी उरांव (30) निवासी रायगढ़, प्रकाश यादव (20) निवासी जैजेपुर, ओमप्रकाश सिदार (26) निवासी पोंडी छाल, विनोद महंत (54) निवासी कोरबा और सलीम (28) निवासी जवाहर कॉलोनी खरसिया शामिल हैं। इनके अलावा भी अन्य लोगों को चोट आई है, जिनके बारे में पुलिस अस्पतालों से जानकारी जुटा रही है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# नवंबर में ही पड़ रही कड़ाके की ठंड, रात का पारा पहुंच रहा न्यूनतम स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले बीते सप्ताह भर से लगातार ठंड बढ़ रहा है। इसके चलते दिन के समय तो 25 से 27 डिग्री तक तापमान रहता है, लेकिन शाम होते ही गिरावट शुरू हो जा रही है। जिससे कि रात तक तापमान न्यूनतम में पहुंच रहा है।

- ठंड को देखते हुए किया गया स्कूलों के समय में परिवर्तन
- चौक चौराहों पर लोग ले रहे अलाव का सहारा

रात में सफर करने वाले यात्री ठंड से परेशान हो रहे हैं। शाम होते होते ही सड़के सुनी होनें लगती है। वहीं विशेषज्ञों की मानें तो अन्य वर्षो की अपेक्षा इस साल ठंड ज्यादा पड़ेगी। वहीं सुबह के समय भी कड़कडाती ठंड होने से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतें होने लगी है।


फाइल फोटो

### मौसम शुष्क रहने की संभावना

उल्लेखनीय है कि मौसम में नमी के मात्रा लगभग खत्म हो गया है, इसके चलते उत्तर दिशा से ठंडी व शुष्क हवा का लगातार आगमन होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। इससे शाम होते ही ठंड शुरू हो जा रही है और देर रात तक ठिठुरन भी आना शुरू हो गई है, जिससे की दिन के समय भी अब ठंड़ का एहसास हो रहा है। ऐसे में मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जिसके चलते फिलहाल लगातार तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### गर्म कपड़ों के सज गए बाजार

जिले में ठंड बढ़ते ही शहर के चौक-चौराहों में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। जिससे बिक्री भी अच्छी खासी शुरू हो गई है। शहर के चक्रधरनगर चौक में इस बार बड़ी संख्या में गर्म कपड़ों की दुकान लगाई गई है।


छात्राओं के साथ फल दुकानदार।

# फल दुकानदार की उदारता, 6 छात्राओं के मैट्रिक परीक्षा फ़ॉर्म भरने में की मदद

**कोइड़ा।** कोइड़ा चौक पर सत्यनारायण सेनापति की एक छोटी फल की दुकान है। घर में पत्नी ज्योतिस्मिता सेनापति और दो बेटे हैं।

परिवार आर्थिक रूप से बहुत सम्पन्न नहीं है, फिर भी दोनों बेटों का जन्मदिन एक ही दिन होने के कारण आमतौर पर उत्साह के साथ मनाया जाता था। लेकिन इस बार पति पत्नी ने जन्मदिन न मनाकर किसी असहाय व्यक्ति की मदद करने का निर्णय लिया। उन्होंने जानकारी ली कि वे किस तरह और कहाँ जाकर सहायता कर सकते हैं।

उसी समय एक निजी संस्था एस्पायर कोइड़ा के प्रमुख ने बताया कि कई दूर दराज़ के आंतरिक गाँवों में कोविड और अन्य कारणों से अनेक असहाय छात्राएँ आर्थिक संकट के चलते पढ़ाई जारी नहीं रख पा रही हैं, यहाँ तक कि मैट्रिक परीक्षा के फ़ॉर्म भी नहीं भर पा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### टीम आरसीसीआई ने की मुख्यमंत्री से मुलाक़ात

**राउरकेला।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के राउरकेला आगमन के दौरान राउरकेला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आरसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल ने शहर और सुंदरगढ़ जिले के सर्वांगीण विकास से जुड़े 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा। यह शिष्टाचार भेंट पानपोष स्थित न्यू सर्किट हाउस के उद्घाटन समारोह के अवसर पर हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आरसीसीआई के अध्यक्ष मलय मंडल ने किया। उनके साथ उपाध्यक्ष आलोक एमलोसाल का महासचिव शुभम कपूर, सचिव वित्त मनीष मोदी, सचिव एवं जनसंपर्कद्ध संदीप गौतम, पूर्व अध्यक्ष सुब्रत पट्नायक प्रभात टीबरेवाल तथा प्रवीन गर्ग उपस्थित थे। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि राउरकेला राज्य की औद्योगिक राजधानी होने के बावजूद बीते कुछ वर्षों में उद्योग, अवसंरचना और सामाजिक सुविधाओं का विस्तार ठप सा हो गया है।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों को मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूरस्थ अंचलों के लोगों तक भी जल जीवन मिशन योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा निवास करती है। जिले के 94 ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग निवासरत है। सम्पूर्ण जिले में नल जल प्रदाय के साथ-साथ इन 94 ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों के कुल 36183 घरेलू नल कनेक्शन स्वीकृति किया गया है। इनमें से 28 हजार से अधिक नल कनेक्शन के कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देश में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को केन्द्र और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत देने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना प्राथमिकताः बीईओ

**जशपुर।** विकासखंड मनोरा में नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद क्षेत्र के प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों ने उनका स्वागत किया। पटेल इससे पहले जशपुर विकासखंड में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही वे मनोरा विकासखंड में भी लंबे समय तक स्त्रोत समन्वयक के रूप में कार्यरत रहे हैं। उनकी दक्षता, कार्यशैली और उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अब विकासखंड शिक्षा अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित बैठक में पटेल ने कहा कि विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मनोरा को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाया जाएगा। इस दौरान मनोरा संकुल के शिक्षक मौजूद रहे।

### लर्निंग लाइसेंस शिविर पतराटोली में 21 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से स्वामी आत्मानंद विद्यालय पतराटोली तहसील दुलदुला में आगामी 21 नवम्बर 2025 शुक्रवार को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति लर्निंग लाइसेंस हेतु किसी भी लोक सेवा केंद्र या च्वाइस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग की वेबसाइट parivahan.gov.in से भी स्वयं आवेदन किया जा सकता है। आवेदक 21 नवम्बर को अपॉइंटमेंट लेकर स्वामी आत्मानंद विद्यालय पतराटोली तहसील दुलदुला में अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने किया आरएसपी दौरा

**राउरकेला।** भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी 18 नवंबर को सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के दो दिवसीय दौरे पर राउरकेला पहुचे। उनके साथ अनीता कुमारस्वामी, सेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीएमडी अमरेंदु प्रकाश तथा इस्पात मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।



राउरकेला हवाई अड्डे पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, रघुनाथपल्ली के विधायक दुर्गा चरण तांती, आरएसपी के निदेशक प्रभारी सह अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बोकारो इस्पात संयंत्र आलोक वर्मा, उप महानिरीक्षक सीआईएसएफ रतन कुमार पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी, विभिन्न कार्यपालक निदेशक तथा ओडिशा सरकार और आरएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की आरएसपी इकाई द्वारा मंत्री को गारद सलामी भी दी गई। कुमारस्वामी ने कास्टर.4 में स्लैब कास्टिंग की हाई टेक प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा परियोजना के सफल क्रियान्वयन पर आरएसपी कर्मीसमूह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत सरकार राउरकेला इस्पात संयंत्र की वृद्धि और विकास हेतु सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जुएल ओराम ने भी आरएसपी कर्मियों की सराहना की और संयंत्र से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए इसके निरंतर विकास के प्रति समर्थन जताया। सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने भी इस अवसर पर कर्मीसमूह के समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### रोहंगिया व बंगलादेशी घुसपैठियों के खिलाफ मोर्चा

**बिरमित्रपुर।** सुंदरगढ़ जिले के बिरमित्रपुर नगर के कई वार्डों में रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। यह दावा करते हुए देव सेना संगठन ने पुलिस प्रशासन से अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों की पहचान कर उन्हें तत्काल बाहर निकालने और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। देवेंद्र बिरगंठीया, भोला साहू और वीर साहू के नेतृत्व में देव सेना का एक प्रतिनिधिमंडल बिरमित्रपुर थाना प्रभारी से मिला और एक लिखित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नगर में अवैध घुसपैठ बढ़ने से स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना गहरी होती जा रही है, ऐसे में प्रशासन को तुरंत कठोर कदम उठाने चाहिए। देव सेना ने रोहिंग्या सहित अन्य घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी और बड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पहल नहीं की गई तो संगठन जनांदोलन के लिए सड़क पर उतरने को बाध्य होगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अवैध प्रवेशकों पर कड़ा नियंत्रण आवश्यक है।

# डकैती की तैयारी में जुटे छह अपराधी पकड़े गए

## बलुघाट चौक पर पुलिस की कार्यवाई, हथियारों के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

रघुनाथपल्ली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की तैयारी कर रहे छह युवकों को आधी रात को रंगे हाथों धर दबोचा। यह कार्रवाई विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई जिसके चलते एक गंभीर वारदात टल गई।घटना 16/17 नवंबर की रात की है। एसआई हृषीकेश प्रधान अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थेए तभी सूचना मिली कि बालूघाट चौक के पास चोरुआ टोला मैदान में कुछ संदिग्ध युवक इकट्ठा हुए हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सुबह 3.45 बजे छह युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वे भागने लगेए लेकिन पीछा कर सभी को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में असगर अली खान, कनहा छत्रिया, धानु बहादुर, सत्य बरिक, बिरेन्द्र गुरूंग उर्फ साहिल और उमाकांत बेहरा उर्फ गेडा शामिल हैं। तलाशी में इनके पास से तलवार, चाकू और लोहे की रॉड जैसे घातक हथियार मिले। जांच में पता चला कि ये लोग राहगीरों, घरों, दुकानों और पेट्रोल पंप को निशाना बनाकर डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस की सतर्कता से एक संभावित गंभीर अपराध टल गया और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी असगर अली खान के खिलाफ रघुनाथपल्ली थाना में चोरी, लूट, हमले और विस्फोटक पदार्थ कानून सहित कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। राउरकेला पुलिस ने क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रखने की बात कही है।

### डकैती की साजिश रचते पांच कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

ब्राह्मणी तरंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात त्वरित कार्रवाई करते हुए डकैती की तैयारी कर रहे पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना 16/17 नवंबर की रात की है जब एसआई पी बेहरा और पुलिस टीम गश्त पर थी। सूचना मिलते ही टीम ने आईडीसी फुटबॉल मैदान के पास छापेमारी कर आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश उर्फ दीपक किशन, पद्रू उर्फ रमेश किशान, कृष्णा नाग, पेडा उर्फ बलभद्र दास और दिभिद डांगा शामिल हैं। ये सभी घने अंधेरे में एकांत स्थल पर घातक हथियारों भुजाली, चाकू, लोहे की रॉड आदि के साथ उद्योग क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस की समय पर कार्रवाई से एक बड़ी वारदात टल गई। इनके लास से दो भुजाली, एक रामपुरी चाकू, छह खाली बियर बोतलें, दो टॉर्च, दो बीड़ी पैकेट तथा कई स्पैनर, ड्रिल बिट सहित औजार जब्त की गैम मुख्य आरोपी मुकेश उर्फ दीपक किसान के खिलाफ 2007 से लेकर 2025 तक डकैतीए चोरीए हथियार अधिनियम और कई आई पी सी धाराओं में 15 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिससे उसकी कुख्यात अपराधी छवि साफ झलकती है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है।

- ब्राह्मणीतरंग पुलिस की त्वरित कार्रवाई से वारदात टली

# झारखण्ड का धान छत्तीसगढ़ में खपाने का प्लान चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

झारखण्ड की सीमा लोदाम से लगा छत्तीसगढ़ का अंतिम गांव के थाने और प्रशासन ने झारखण्ड से लाए जा रहे धान को छत्तीसगढ़ में खपाये जाने के प्लान को चौपट कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड से पिकअप में लोड करके 60 बोरी धान छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। जिसे प्रशासन ने लोदाम पुलिस की मदद से लोदाम के पास से पीछा करते करते भलमंडा के पास पकड़ लिया। पुलिस और प्रशासन ने जब पिकअप ड्राइवर से धान की बोरियों के दस्तावेज मांगे तो ड्राइवर धान का किसी तरह का कोई दस्तावेज होना नहीं बताया। ड्राइवर ने बताया कि वो धान झारखण्ड से ला रहा है। पहले इसे जशपुर ले जाया जाता इसके बाद अम्बिकापुर मंडी। बता दें कि छग में धान की खरीदी चल रही है। यहां 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है।




बिचौलिए सरकार की इसी स्कीम का फायदा उठाते हुए हर बार झारखण्ड से कम मूल्य में धान की खरीदी कर छत्तीसगढ़ में 31 सौ में खपाते रहे है। इसी को देखते हुए प्रशासन झारखण्ड की सीमा से लगे हर रास्तो पर बैरियर लगाती है जहां सरकारी कर्मचारियों और पुलिस की तैनाती रहती है। इस बार भी हर मोर्चे पर बैरियर लगाया है लेकिन बिचौलिए फिर भी बाज नहीं आते और उनकी कोशिश जारी रहती है।लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रशासन भी मुस्तैद है।

### ईब नदी पुलिया से उड़नदस्ता ने पकड़ा दो ट्रक धान

कुनकुरी में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। आज रात क़रीब एक बजे उड़नदस्ता टीम ने हर्राडांड़ स्थित इब नदी पुलिया में चेकिंग के दौरान दो आइसर माजदा ट्रकों को रोककर बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया है। दोनों ट्रकों में आवश्यक दस्तावेज न मिलने के बाद उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। अवैध धान परिवहन रोकने गठित उड़नदस्ता टीम देर रात गश्त पर थी, तभी हर्रा डांड रोड स्थित इब नदी पुलिया पर दो संदिग्ध आइसर माजदा ट्रक दिखाई दिए। जांच में दोनों वाहनों में भारी मात्रा में धान लोड पाया गया। तहसीलदार प्रमोद पटेल ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों ट्रकों को धान सहित जब्त कर कुनकुरी पुलिस को सौंप दिया गया है, आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।



### नाबालिग को भगाकर दुष्कर्मः पुलिस ने ओडिशा से दो आरोपियों को पकड़ा

**जशपुरनगर।** नाबालिक को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने, शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने के संगीन मामले में जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक 16 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक और उसके सहयोगी जीजा विकास मिरी उम्र 25 वर्ष को उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया। मामला 17 सितंबर को तब सामने आया जब दुलदुला क्षेत्र के एक प्रार्थी ने अपनी 14 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामला संवेदनशील होने पर पुलिस सक्रिय हुई और तकनीकी टीम की मदद से मात्र तीन दिन में 20 सितंबर को नाबालिक को उड़ीसा के सुंदरगढ़ से दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में नाबालिक ने बताया कि आरोपी से उसकी पहचान रामरेखा मेला के दौरान हुई थी। 9 फरवरी व मई 2025 में दो बार शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। 17 सितंबर को आरोपी उसे जबरन उड़ीसा स्थित अपने जीजा के घर ले गया, जहां तीन दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। 20 सितंबर को जब आरोपी लड़की को कहीं और ले जाने बस स्टैंड पहुंचा, उसी समय जशपुर पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में लगी थी। तकनीकी टीम व मुखबिर तंत्र से सूचना मिलने पर एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में टीम उड़ीसा रवाना हुई और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 81, 64(2)(5), 65(1), 89 व पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6, 17 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### देहरादून में लहराया जशपुर का झंडा

# हॉकी में गोल्ड, बास्केटबॉल में मिला डबल सिल्वर


ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देहरादून में चल रही 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में जशपुर वनमंडल के खिलाड़ियों ने ऐसा धमाल मचाया कि मैदान से लेकर विभाग तक चर्चा सिर्फ जशपुर की रही। छत्तीसगढ़ की पूरी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अलग चमकते हुए दिखे जशपुर वनमंडल के 9 खिलाड़ी, जिन्होंने अपनी फुर्ती, फिटनेस और शानदार टीमवर्क से प्रतियोगिता में नया मानक स्थापित कर दिया। हॉकी प्रतियोगिता में जशपुर वनमंडल के खिलाड़ियों का खेल देखने लायक रहा।तेज़ मूवमेंट, सटीक पासिंग और आख़िरी मिनट तक बने रहने वाले दबाव ने पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों को बैकफुट पर रखा। फाइनल मुकाबला पूरी तरह जशपुर के नाम रहा और टीम ने शानदार जीत के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वालों में नवनीत तिर्की, बीएफओ, सुरेश लकड़ा, बीएफओ, अभय लकड़ा, बीएफओ, संदीप कुमार टोप्पो, बीएफओ, संतोष कुमार, बीएफओ इन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में रक्षण और आक्रमण दोनों में जबरदस्त तालमेल दिखाया।

- वन खेलकूद में जशपुर वनमण्डल ने लहराया परचम

### बास्केटबॉल में दिलाया सिल्वर

पुरुष बास्केटबॉल में जशपुर वन मंडल के दो खिलाड़ी सचिन तिर्की, बीएफओ, अनिल प्रधान, बीएफओ ने शुरुआत से ही खेल पर पकड़ बनाए रखी। तीखे कट, तेज़ ड्रिब्लिंग और सटीक प्वॉइंट्स के दम पर टीम फाइनल तक पहुंची। कड़े संघर्ष वाले फाइनल में टीम को मामूली अंतर से हार मिली, लेकिन प्रदर्शन ऐसा था कि दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं।

### बालिकाओं ने दिखाया दम

महिला बास्केटबॉल में जशपुर की तीन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन तालमेल दिखाया। तेज़ पेस, दमदार डिफेंस और लगातार प्वॉइंट हासिल करने की क्षमता ने इन्हें फाइनल तक पहुंचाया। फाइनल मुकाबले में टीम सिल्वर पर रुकी, लेकिन खेल भावना और प्रदर्शन दोनों सबसे बेहतर रहे। कु. मंजू तिर्की, बीएफओ, सुनयना एक्का, बीएफओ, बीना तिर्की, बीएफओ सिल्वर विनर क्वीन बनी।

### जशपुर का नाम रोशन करने वाला प्रदर्शन

डीएफओ शशि कुमार ने खिलाड़ियों के संघर्ष, मेहनत और फिटनेस की तारीफ करते हुए कहा कि जशपुर वनमंडल ने जिस स्तर का प्रदर्शन किया है, वह आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। यह प्रदर्शन जशपुर का नाम रोशन करने वाला, खिलाड़ियों की सफलता से जशपुर जिले में उत्साह का माहौल है।

## सहायता समूह की महिलाएं अपने आप में प्रतिभा सम्पन्नः शर्मा

# जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा बांध परिक्षेत्र राबो के आम जनमानस की बहुप्रतिक्षित जनभावनाओं का सम्मान करते हुए नवनिर्मित सामुदायिक भवन राबो का निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण जिला रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती रमंती राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत राबो की अध्यक्षता एवं ऋषिकेश शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष, सीएसआरए जेपीएल तमनार, श्रीमती शीतल पटेल, प्रबंधक, जेपीएल तमनार, श्रीमती प्रेमकुमारी राठिया, सदस्य, जनपद पंचायत तमनार एवं ग्रामवासियों के गरीमामय एवं विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया।

कार्यकम का शुभारंभ कलश पूजा एवं भगवान प्रथमेश के छायाचित्र में श्रद्धा सुमन स्वरूप दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए श्रीमती शीतल पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आमजनमानय व क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग को सम्मान करते नवनिर्मित सामुदायिक भवन राबो का निर्माण किया गया है। सीएसआर प्रमुख ऋषिकेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि राबोवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग को पूर्ण कर मन हर्षित है। राबो के युवा, यहां के स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने आप में प्रतिभा सम्पन्न हैं। जेपीएल सीएसआर में इनका योगदान सदैव सराहनीय रहा है। श्री शर्मा ने आस्वस्थ करते हुए कहा कि राबो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार अपनी प्रतिबद्धता का निर्वहन करती रहेगी। वहीं अपने सारगर्भित सम्बोधन में श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि समाज को सुचारू रूप से संचालित व व्यवस्थित करने के लिए भवन की आवश्यकता होती है और सामुदायिक भवन राबो के रूप में एक भव्य व सुसज्जित भवन का निर्माण कर जेपीएल तमनार ने ग्रामवासियों का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने इस समाज हितैषी सहयोग के लिए जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार को साधुवाद कहा।





# लाल किला में होने वाली थी राम चरण की 'पेड्डी' की शूटिंग

**मुंबई।** राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का कुछ हिस्सा दिल्ली के लाल किले में शूट होना था। लेकिन, दिल्ली में हुए एक बम विस्फोट के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शूटिंग रोक दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, राम चरण की अपकमिंग मूवी 'पेड्डी' का कुछ पैचवर्क पूरा किया जाना था, जिसके लिए टीम को 17 नवंबर को लाल किला और उसके आसपास के एरिया में शूटिंग करने की अनुमति थी। हालांकि, शेड्यूल में कुछ बदलाव हुआ। टीम ने 15 और 16 नवंबर को शूटिंग के लिए डेट्स ब्लॉक कर दीं।

## लाइफ Style



# राशा


## तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने को तैयार

फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी राशा थडानी अब साउथ फिल्म में नजर आएंगी। राशा ने 'उई अम्मा' गाने से सभी का दिल जीता। आज उन्होंने अपनी पहली तेलुगु फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास अंदाज में की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक धांसू लुक शेयर किया। जिसमें वह बाइक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा, 'नई शुरुआत, अनंत आभार। मैं तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हूं।' आगे राशा ने अजय भूपति का धन्यवाद देते हुए लिखा, 'सर, इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सफर को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। बहरहाल, इस पोस्ट में राशा ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। लेकिन उनके इस बोल्ड और हॉट लुक को देखकर लग रहा है कि वह इस बार कुछ अलग करने वाली हैं। राशा की पहली तेलुगु फिल्म को अजय भूपति निर्देशित करेंगे। अजय ने कई लोकप्रिय फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें उनकी पहली फिल्म 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' शामिल हैं। अजय निर्देशक होने के साथ ही एक अच्छे लेखक भी हैं। राशा थडानी ने अभिनेत्री के तौर पर अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'आजाद' से की। राशा के अलावा यह फिल्म अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन की भी डेब्यू फिल्म थी। 'आजाद' एक पीरियड एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# बार एग्जाम की तैयारी पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन पिछले कुछ महीनों से वकील बनने के लिए कैलिफोर्निया बार एग्जाम की तैयारी कर रही थीं। लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और वो असफल हो गईं थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने दी थी। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने परीक्षा के कुछ हफ्तों पहले अपनी तैयारियों की झलक दिखाई है। एक्ट्रेस किम कार्दशियन ने बार परीक्षा से दो सप्ताह पहले का वीडियो साझा किया है।



# निक जोनस ने 'वाराणसी' की टीम को दी बधाई...

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म 'वाराणसी' की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही निक ने प्रियंका को 'मेरी देसी गर्ल' का टैग दिया। यह फिल्म एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है और इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही में लिखा, 'पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म जरूर शानदार होगी।' इसके साथ ही निक ने प्रियंका के खूबसूरत लुक की भी तारीफ की। प्रियंका ने सफेद लहंगे में तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रही थीं। उनके लुक में चोकर, मांग टीका, चूड़ियां और लंबी चोटी शामिल थी। निक ने उनकी तस्वीर पर कमेंट किया, 'बहुत खूबसूरत' और 'मेरी देसी गर्ल।' ग्लोबट्रॉटर इवेंट के बाद प्रियंका ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



# साई पल्लवी को मिला कलैमामणि अवॉर्ड

**मुंबई।** साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद।



# आज रिलीज होगा धुरंधर का ट्रेलर

**मुंबई।** बीते दिनों फिल्म धुरंधर के निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज इवेंट को कैंसिल कर दिया था। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज की नई तारीख और समय का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है। इसमें उन्हें बेहद खतरनाक अंदाज में देख जा रहा है। निर्माताओं ने फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 18 नवंबर को दिन के 12 बजकर 12 मिनट पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। पहले फिल्म का ट्रेलर निर्धारित तिथि 12 नवंबर को रिलीज किया जाना था। हालांकि, मेकर्स ने दिल्ली धमाके और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य का कारण बताते हुए इस कैंसिल कर दिया था।

## टीवी मसाला



# अमिताभ बच्चन की बात सुन मनोज के उड़ गए तोते

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 में फैमिली मैन 3 के एक्टर्स हॉट सीट पर थे। मनोज बाजपेयी, शारिब हासमी और जयदीप अहलावत ने गेम शो के दौरान खूब मजे किए। प्रोमो में मनोज बाजपेयी जयदीप अहलावत और शारिब हाशमी को अमिताभ बच्चन के साथ हुई एक खतरनाक घटना के बारे में बता रहे हैं। वह बताते हैं, 'अमितजी ने एक बार मुझे मार दिया था। मेरा हार्ट अटैक हो जाता सिर्फ अमितजी के कारण। ये पूरा प्लान किया गया था मुझे ऊपर लेके जाना का। मैं अवाक रह गया कि इन्होंने क्या बोला। इन्होंने मेरी जान ले ली थी।' इस पर अमिताभ बच्चन मनोज बाजपेयी से कहते रहे कि सबको पूरा सच बताएं कि असल में क्या हुआ था, लेकिन मनोज बाजपेयी ने ये राज नहीं खोला। हालांकि कपिल शर्मा के शो पर मनोज बाजपेयी एक बार बता चुके हैं कि बिग बी ने उनके साथ क्या प्रैंक किया था। मनोज और अमिताभ बच्चन अक्स फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। मनोज ने बताया था कि एक एक्शन सीन में उन्हें 100 फीट से कूदना था। मनोज बाजपेयी ऊंचाई से डरते हैं। उन्होंने बताया था, 'पहले तो मैंने जाके देखा, मैंने कहा, यार किसी तरह यह अवॉइड हो सकता है क्या। एक्शन डायरेक्टर ने मुझे बहुत तैयार किया, मनोज तू घबरा मत, सब हो जाएगा, सिर्फ आंख बंद कर लेना। बच्चन साब रहेंगे वहां पे कुछ नहीं होगा तुझे। सब ठीक होगा बस अपनी आंखें बंद कर लो।' मनोज बाजपेयी ने बताया कि वह पूरे समय अपनी आंखें बंद किए रहे, उन्हें एक झरने के पास कूदने के लिए ले जाया जा रहा था। बोले, 'आंख बंद किया हुआ मैंने, बच्चन साब मेरा हाथ पकड़े हुए हैं। हम लोग करीब 80-85 फीट तक गए थे तो बच्चन साब की आवाज आई, मनोज यार कुछ हो जाए तो जया को बोल देना कि यार... मैंने कहा, सर मैं डर रहा हूं। वो बोले, यार सच में घर पर खबर कर देना।' इस शूट में मनोज बाजपेयी की हालत खराब हो गई थी।

## रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला बने विनर

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर कपल रियालिटी शो धमाल विद पति पत्नी और पंगा का बीते रविवार को फिनाले था। ड्रामा, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर इस शो का पहला सीजन खत्म हो गया है।



पति पत्नी और पंगा एक नए कॉन्सेप्ट की शुरुआत थी। इस रियालिटी शो के पहले सीजन के विनर टीवी जगत के लोकप्रिय कपल रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हैं। इस जोड़ी ने सर्वगुण संपन्न टाइटल जीत शो का खिताब अपने नाम किया है। रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला ने गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी को हराकर शो की ट्रॉफी अपने नाम की। देबिना और गुरमीत दूसरे नंबर पर रहे। फैंस का मानना है अभिनव शुक्ला रुबीना के लिए लकी हैं। रुबीना के साथ अभिनव शुक्ला ने बिग बॉस में भी हिस्सा लिया था और एक्ट्रेस ने उस रियालिटी शो का खिताब भी अपने नाम करने में सफल रही थीं।

# मां ने जिस बेटी को बनाया सुपरस्टार उसी ने कोर्ट में घसीटा

*शोभना समर्थ का असल नाम सरोज शिलोत्री था। अभिनेत्री का शुरुआती जीवन बहुत कठिन रहा, क्योंकि पिता की मौत के बाद वे अपनी मां के साथ बॉम्बे में अपने मामा के घर आ गईं और वहीं कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। उनके मामा ने फिल्मों में काम करने का विरोध किया, क्योंकि फिल्मों में काम करने वाली लड़कियों को गलत नजर से देखा जाता था। उस वक्त रंगमंच या फिल्मों में महिलाओं का रोल करने के लिए पुरुष ही महिला बनते थे या सेक्स वर्कर महिला का किरदार निभाती थीं। इसके अलावा, इस पेशे में न तो ज्यादा वेतन मिलता था और न ही सम्मान। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए शोभना समर्थ ने फिल्मों में कदम रखा।*

**नई दिल्ली।** शोभना समर्थ ने करियर की शुरुआत 1935 में आई फिल्म 'निगाह-ए-नफरत' से की। फिल्म उर्दू और मराठी में रिलीज हुई थी, लेकिन बाद में फिल्म हिंदी में भी आई। फिल्म पर्दे पर असफल रही, लेकिन शोभना पहली ही फिल्म से चर्चा में आ गई थीं। वह 1937 में आई 'कोकिला', 1936 में आई 'दो दीवाने', 1938 में आई 'निराला हिंदुस्तान', और 1939 में आई 'पति पत्नी' समेत कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें पहचान 1943 में आई प्रसिद्ध फिल्म 'राम राज्य' से मिली, जिसमें उन्होंने मां सीता का रोल किया था।




### पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप

एक्ट्रेस ने फिल्म निर्देशक कुमारसेन समर्थ से शादी की। कपल चार बच्चों के माता-पिता बने। उन्होंने बेटी नूतन, तनुजा, चतुरा और एक बेटे जयदीप की परवरिश की। नूतन और तनुजा, दोनों 1950-1980 के दशक की शीर्ष अभिनेत्रियां रहीं। इतना ही नहीं, इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए तनुजा की बेटी एक्ट्रेस काजोल मशहूर अभिनेत्री रही हैं और आज तक पर्दे पर उनका जलवा कायम है। नूतन ने अपनी मां शोभना समर्थ पर पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया था, जिससे बात कोर्ट तक जा पहुंची। नूतन का तर्क था कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी में जो पैसा आता है, वह नूतन के हिस्से में भी आता है, इसलिए वह अपने 30% हिस्से का ही टैक्स देंगी और बाकी टैक्स का भुगतान शोभना समर्थ को करना होगा।

# धर्मवीर में पहली बार बाल कलाकार के रूप में पर्दे पर आए थे बॉबी

**नई दिल्ली।** लॉर्ड बॉबी यानी एक्टर बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म 'बरसात' से एक्टिंग डेब्यू किया था। मगर, पहली फिल्म से 18 साल पहले ही वे पर्दे पर नजर आ चुके थे। बॉबी देओल नजर आए बतौर बाल कलाकार। अपने पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की फिल्म 'धर्मवीर' में बॉबी देओल ने उनके बचपन का रोल निभाया। बॉबी ने सिर्फ एक डायलॉग बोलकर अपनी मासूमियत से दर्शकों का दिल जीत लिया। बॉबी देओल ने जब 'धर्मवीर' में काम किया तब उनकी उम्र महज छह साल थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया, 'मैं छह साल का था। मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहता था, पापा की फिल्म धर्मवीर की शूटिंग हो रही थी और उन्हें एक बच्चा चाहिए था, जिसकी टांगे पापा की तरह हैवी हों, लेकिन उन्हें ऐसा कोई भी बच्चा नहीं मिल पाया, वहीं, एक मिला भी तो वह काफी कमजोर था'।



### एक रात पहले पिता धर्मेंद्र ने पूछा था सवाल

बॉबी देओल ने आगे कहा, 'फिर पापा ने मेरे बारे में सोचा। एक रात पहले ही उन्होंने मुझसे पूछा, 'क्या तुम मेरी फिल्म में काम करोगे? मेरे बचपन का रोल है। मैंने पापा को कहा, 'हां, क्यों नहीं'। अगले दिन मैं सेट पर गया। मुझे थोड़ी घबराहट हो रही थी। मुझे मेरे पिता की जैसी एक ड्रेस पहनाई गई। फिल्म में बॉबी देओल हथौड़ा मारकर पत्थर तोड़ते हैं। सीन में उनसे कहा जाता है, 'तू राम दीन का बेटा है। हथौड़े का एक फटका दस के बराबर होना चाहिए'। इस पर बॉबी देओल कहते हैं, 'ये बात है बाबा तो ये लो'। वह हथौड़ा मारते हैं और इसके बाद सीन में धर्मेंद्र की एंट्री हो जाती है।

## कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को रियल बनाने करते हैं कड़ी मेहनत

# इन कलाकारों ने बॉडी में किया इतना बदलाव कि पहचानना हुआ मुश्किल

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को निभाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने किरदार को रियल बनाने के लिए ट्रेनिंग ली। कई कलाकारों ने अपना वजन घटाया। आज हम उन कलाकारों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने फिल्मों में किरदार निभाने के लिए अपनी बॉडी में बड़े बदलाव किए।*

**रणदीप हुड्डा :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सरबजीत' में अभिनय करने के लिए रणदीप हुड्डा ने अपनी बॉडी में बड़ा बदलाव किया था। सरबजीत सिंह के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने 28 दिन में अपना वजन 18 किलोग्राम कम कर लिया था। वजन घटने के बाद रणदीप हुड्डा को पहचानना मुश्किल हो रहा था।



**ऋतिक रोशन :** साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'सुपर 30' काफी चर्चा में रही। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में रही थी, क्योंकि फिल्म में आनंद कुमार का किरदार निभाने के लिए ऋतिक रोशन ने वजन बढ़ाया। उन्होंने अपने सिक्स पैक छोड़े थे, ताकि वह आम आदमी की तरह दिख सकें। उनके इस लुक की काफी तारीफ हुई थी।



**राजकुमार राव :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'ट्रैप्ड' में राजकुमार राव ने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक अपार्टमेंट फंस जाता है। इसके बाद वह कई दिनों तक भूखा रहता है। इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था। वजन कम करने के दौरान उन्होंने ब्लैक कॉफी और गाजर खाया।



**आमिर खान :** फिल्म 'दंगल' (2016) में आमिर खान ने पहले एक पहलवान, फिर दो बेटियों के कोच और पिता का किरदार निभाया है। कोच और पिता का किरदार निभाने के लिए आमिर खान ने पहले अपना वजन 27 किलो बढ़ा लिया। इसके बाद नौजवान पहलवान का किरदार निभाने के लिए उन्होंने वजन कम किया। फिल्म में उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया गया।



**फरहान अख्तर :** फरहान अख्तर उन कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने रियल दिखने के लिए अपनी बॉडी में बदलाव किए। फिल्म 'तूफान' (2021) में उन्होंने एक बॉक्सर का किरदार निभाया है। इसके लिए उन्होंने बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। अपने किरदार के हिसाब से दिखने के लिए उन्होंने वजन कम किया और काफी मेहनत की।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका सिखा रहीं समस्या समाधान कौशल

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी निर्धारित शैक्षिक लक्ष्य के लिए समस्या समाधान कौशल का हुनर प्राथमिक कक्षा के बच्चों को सिखाती रहीं हैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के तहत, प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी शैक्षणिक लक्ष्य समस्या समाधान कौशल पर पूर्ण समर्पण से कार्य करती रहीं हैं, जिसमें विद्यार्थियों में रटने के बजाय आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, टीम वर्क को बढ़ावा देना शामिल है। शिक्षिका जीवन के सभी पहलुओं में चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने, बेहतर निर्णय लेने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए बच्चों को तैयार कर रहीं हैं। समस्या समाधान कौशल विद्यार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण हैं, समस्या समाधान कौशल आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं, जो नए विचारों को जन्म देती है और सफलता के लिए आवश्यक है।

### मानवीय मूल्यों, शिक्षा समाजिक जागरूकता

**राउरकेला।** म्युनिसिपल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन प्रोफेसर हरिहर दास ने कीए जबकि रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा प्रचारत तांती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व प्रिंसिपल डॉण सनातन प्रधान विशिष्ट अतिथि रहे और उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य व इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दुर्गा तांती ने मानवता, वसुधैव कुटुंबकम और राष्ट्रहित में समर्पण की भावना को शिक्षा का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सामाजिक उत्तरदायित्व समझने की आवश्यकता है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आबकारी विभाग में आबकारी आरक्षकों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 27 जुलाई 2025 को आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जारी वरीयता सूची में शामिल रायगढ़ जिले के सभी अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने हेतु शीघ्र संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी कलेक्टोरेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक-66 स्थित सहायक आयुक्त, आबकारी कार्यालय में जल्द से जल्द उपस्थित होकर आगे की औपचारिकताएँ पूर्ण कर सकते हैं।

### वृद्धाश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश एवं सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के मुख्य प्रावधानों के संबध में वृद्धाश्रम रायगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस जागरूकता शिविर में पैरालिगल वालिंटियर्स के द्वारा वृद्धाश्रम रायगढ़ में उपस्थित वृद्धजनों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत भरण-पोषण के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जैसे, वृद्धजन नागरिक निःसहाय अवस्था में भोजन, आवास, दवा, देखभाल और उनके दैनिक आवश्यकताओं के भरण पोषण की मांग इस अधिनियम के तहत कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत वृद्धाश्रम की स्थापना, वृद्धजनों के लिए विशेष प्रावधान होता है। इसकी प्रक्रिया सरल और त्वरित होती है। यह जिला स्तर पर गठित होता है। कोई भी वरिष्ठ नागरिक अपने न्याय के लिए आवेदन कर सकता है।

### कलेक्टर ने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को प्लान बनाने का दिया निर्देश

# अब झारा समुदाय की कला का होगा संरक्षण-संवर्धन, बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के समीप स्थित एकताल ग्राम की अनूठी झारा समुदाय की कला को अब शासन की योजनाओं से व्यापक स्तर पर जोड़ा जाएगा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ग्रामोद्योग तथा अन्य रोजगार प्रदाता विभागों को एकताल में निवासरत झारा समुदाय के परिवारों के लिए ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। ताकि उनकी पुश्तैनी कला, संस्कृति एवं आजीविका को नया अवसर मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि एकताल गांव अपनी विशिष्ट और प्राचीन धातु ढलाई कला के लिए दूर दूर तक जाना जाता है। झारा समुदाय के लोग कांसा, पीतल और अन्य धातुओं को गलाकर पारंपरिक ढंग से मूर्तियाँ, पारंपरिक पूजा सामग्री, लोक जीवन से प्रेरित आकृतियाँ और सजावटी वस्तुएँ तैयार करते हैं। यह कला न केवल उनकी आजीविका है बल्कि पूरा गांव इसी कला की पहचान पर बसा हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन कारीगर परिवारों को भारत सरकार व राज्य शासन की शिल्प ग्राम, प्रशिक्षण, विपणन, प्रदर्शनी एवं आर्थिक सहायता योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उनकी कला को बड़ा बाजार और बेहतर अवसर मिल सके।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी।

#### अवैध प्लाटिंग और सुरक्षा मानकों पर सख्ती

कलेक्टर ने शहर के आसपास और नगर पंचायत, ब्लॉक मुख्यालयों के भीतर तथा उसके आसपास बिना अनुमति के किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर एसडीएम और तहसीलदारों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने खेती अथवा बिना अनुमति के जमीन को व्यावसायिक रूप में उपयोग करने और नियमों के विरुद्ध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध खसरा ब्लॉक जैसे कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फूड एंड सेफ्टी तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को भी शहर और औद्योगिक क्षेत्रों में सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने फुड एवं सेफ्टी विभाग को शहर के प्रमुख बड़े होटल, रेस्टोरेंट पर विशेष साफ सफाई एवं सुरक्षा तथा स्वास्थ्य मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सफाई पर सीसीटीवी से नजर, 6 पर जुर्माना

**सीसीटीवी में कैद हुए कचरा फैलाने वाले मुख्य मार्गों पर संस्था का लेबल देखकर लगाया जुर्माना**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छ रायगढ़ स्वस्थ रायगढ़ के संकल्प के साथ शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ नगर पालिक निगम रायगढ़ अब और अधिक सतर्क व सख्त हो गया है। मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फैले कचरे की पहचान अब आधुनिक तरीके से की जा रही है। कचरे में मौजूद संस्था का लेबल, पैकिंग सामग्री और सीसीटीवी फुटेज देखकर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों और प्रतिष्ठानों के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम टीम ने आज वार्ड क्रमांक 20 गद्दी चौक और 19 सुभाष चौक में विशेष अभियान चलाया। मौके पर मिले कचरे में विभिन्न दुकानों के पैकिंग लेबल और सामग्री के साथ सीसीटीवी से मिली पुष्टि के आधार पर न्यू शर्मा बैग हाउस, न्यू संगम बाजार और अमर इंटरप्राइजेज के विरुद्ध कचरा बाहर फैलाने के 6 प्रकरण दर्ज करते हुए कुल 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, पीआईयू सदस्य, सफाई दरोगा और निगम कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिष्ठानों को कचरा बाहर न फेंकने, निर्धारित गाड़ी और डस्टबिन में ही डालने और स्वच्छता नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

#### सीसीटीवी बना निगम का सबसे प्रभावी हथियार

स्टेशन रोड, गद्दी चौक, सुभाष चौक, मोती बाजार, लाइन बाजार जैसे मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे अब केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि स्वच्छता निगरानी का भी शक्तिशाली माध्यम बन गए हैं। कचरा कहां से आया, किस दुकान का हैए कौन बाहर फेंक रहा है और सभी तथ्य कैमरे से स्पष्ट दिख रहे हैं। इसी वजह से शहर में कचरा फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई संभव हो पाई है।

## कुड़ेकेला के अमरदीप स्कूल में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**कुड़ेकेला।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कुड़ेकेला के अमरदीप स्कूल में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ दिलवाकर की गई, जिसमें सभी ने अपने घर, विद्यालय और समाज को स्वच्छ बनाए रखने तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ के उपरांत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया गया। शिक्षकगण, छात्र छात्राएं और कर्मचारीगण सभी ने मिलकर वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय योगदान दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री खेस सर ने कहा कि श्स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने भी संकल्प लिया कि वे विद्यालय के साथ साथ अपने घरों और मोहल्लों में भी स्वच्छता के महत्व को समझेंगे और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करेंगे।



## कुरमापाली बस्ती का बोर खराब, पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, कलेक्टर से गुहार

**रायगढ़।** कलेक्टर ने जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में ग्राम सोड़ेकेला के पूर्णचंद ने अपनी भूमि के खाता विभाजन एवं नामांतरण का विवरण अब तक ऑनलाइन भुईंया पोर्टल में दर्ज नहीं होने की समस्या बताई। ऑनलाइन प्रविष्टि करवाने के लिए उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया। इसी तरह ग्राम पंडरीपानी के ग्रामीण तालाब से जुड़ी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गांव के तालाब में पानी का ठहराव न होने से वह सूख गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानी हो रही है। ग्राम कुरमापाली के नागरिकों ने गांव में बने चौपाल में सीमेंट फ्लोरिंग लाइट एवं पंखा लगाने की मांग की। साथ ही गांव के बीच बस्ती में स्थित खराब पड़े बोरवेल की मरम्मत कराने की आवश्यकता बताई। ग्रामीणों का कहना था कि बोरवेल खराब होने से उन्हें पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। रायगढ़ रियापारा के वाजिद अली ने अपनी कॉलोनी के पीछे पड़ोसियों द्वारा फैलाए जा रहे कचरे की शिकायत की। उन्होंने कहा कि गंदगी से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और रोकने पर विवाद की स्थिति बन जाती है। तहसील लैलूंगा के ग्राम कुर्रा से आए किसान खेमानिधि पटेल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग से कई बार संपर्क करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। तहसील पुसौर के ग्राम कवरिहा निवासी घरेलू कनेक्शन में अत्यधिक बिजली बिल आ जाने की समस्या को लेकर आए थे। इसी तरह जनदर्शन में अन्य लोग राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित अन्य मांगों एवं समस्याओं संबंधित आवेदन लेकर आए थे।





### कैरियर गाइडेंस महोत्सव 21 और 22 नवंबर को

**रायगढ़।** प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर कैरियर निर्माण की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार प्रभावी पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में आगामी 21 नवम्बर शुक्रवार और 22 नवंबर शनिवार को एक भव्य और प्रेरणादायी आयोजन का साक्षी बनने बनेगा, जब देश के ख्यातिप्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर एवं कैरियर गुरु आनंद कुमार जिले के हजारों विद्यार्थियों और युवाओं से रूबरू होंगे। यह आयोजन प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के विशेष पहल से आयोजित किया जा रहा है। विशाल कैरियर गाइडेंस सेशन 21 नवम्बर को रायगढ़ के रामलीला मैदान में और 22 नंवबर को पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में होने जा रहा है। आयोजन स्थल पर प्रवेश पूर्ण निःशुल्क है।

## सड़क पर रेत, गिट्टी रखकर कर रहे आवागमन बाधित, हो रहे हादसे का शिकार

**रायगढ़।** शहर के मुख्य मार्गों पर घर निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए लाई जा रही सामग्री खुले में सड़क पर ही छोड़ दी जा रही है। ईंट, रेत, गिट्टी, सीमेंट की बोरियाँ और लोहे की सरिया के ढेरों ने न केवल आवागमन को बाधित कर दिया है, बल्कि लोगों की सुरक्षा पर भी बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है। शहर के बीच हैवी ट्रैफिक वाली सड़कों से लेकर सार्वजनिक जगहों और सकरी गलियों तक लोग मनमाने ढंग से भवन निर्माण के लिए मटेरियल डंप कर रहे हैं। सड़क के बीच तक रेत, गिट्टी और ईंटों के बेतरतीब भंडारण से शहर में परिवहन व्यवस्था तो बिगड़ ही रही है। साथ ही हवा में उड़ने वाले डस्ट भी लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

- मुख्य मार्गों पर बिल्डिंग मटेरियल होने की वजह से सड़कें हो रही सकरी



#### राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं

इन व्यस्त मार्ग से प्रतिदिन स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, दुकानदार और आम लोग गुजरते हैं। सड़क पर फैली सामग्री के कारण उन्हें वाहनों को बेहद धीमी गति से चलाना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक रेत में फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। सबसे ज्यादा बुरा हाल तो गलियों का जहां इन मटेरियल की वजह से कई रास्ते तक बंद हो गए हैं,जिससे लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा है।

#### स्थानीय लोगों ने जताया रोष

इन इलाकों के क्षेत्रवासियों ने बताया कि वे कई दिनों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार संबंधित मकान मालिकों और ठेकेदारों को सामग्री हटाने के लिए कहा गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, उल्टा उनके द्वारा लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि सड़क सार्वजनिक संपत्ति है, जिसे निजी निर्माण सामग्री से बाधित करना पूरी तरह गलत है।

## एनटीपीसी लारा की मेजबानी में हुई तीसरी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने अपनी चल रही कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत, ग्रामीण युवाओं में खेल भागीदारी को बढ़ावा देने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीसरी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ लैक्रोस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और इसमें दिवाकर कौशिक आरईडी, डब्ल्यूआर क्षेत्र अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक और एचओपी एनटीपीसी लारा रविशंकर सीजीएम परियोजनाएं, केशव चंद्र सिंह रॉय जीएम ओ एंड एम, हेमंत पावगी जीएम मैकेनिकल इरेक्ट, और जाकिर खान एजीएम एचआर सहित कई अन्य वरिष्ठ एनटीपीसी अधिकारियों की उपस्थिति देखी गई। सरपंच सहित स्थानीय पंचायती राज प्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर युवा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ लैक्रोस एसोसिएशन के महासचिव देवव्रत चौधरी और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए जो दिसंबर में जम्मू में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर बालक एवं बालिका लैक्रोस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ष के आयोजन में 216 खिलाड़ियों ने प्रभावशाली भागीदारी की, जिन्होंने उत्कृष्ट कौशल उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया।



## चौहान समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

**रायगढ़।** रविवार को केवड़ाबाड़ी स्थित सामुदायिक भवन में चौहान समाज की जिला स्तरीय अहम बैठक में जिलेभर से पहुंचे वरिष्ठजनों, समाज प्रमुखों, पदाधिकारियों एवं समन्वय समिति की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से देवप्रसाद चौहान को जिलाध्यक्ष, मनोहर को कार्यकारी अध्यक्ष एवं संतोष कुमार चौहान को महासचिव बनाया गया।

नए कमेटी के चयन के लिए समाज प्रमुखों की मौजूदगी रही। नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने सामाजिक एका को प्राथमिकता देते हुए चुनाव की बजाय सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन हेतु समन्वय समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा। महापौर जीवर्धन के इस प्रस्ताव की समाज के लोगों करतल ध्वनि से सहमति प्रदान की। समाज की नई कार्यकारिणी में देवप्रसाद चौहान तमनार को जिलाध्यक्ष मनोहर को जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा संतोष कुमार चौहान को जिला महासचिव की अहम जवाबदारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत पुसौर अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान, डीएसपी कुंजराम चौहान सहित समाज से जुड़े पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। जिला स्तरीय समन्वय समिति में रायगढ़ से संरक्षक महाबीर चौहान, दुखुलाल चौहान सदस्य श्रीमती किरण चौहान, समेत समाज प्रमुखों की मौजूदगी रही।



### अनुमति की औपचारिकता पूरी नहीं, दो महीने से जारी है कटाई

# नए विद्युत फीडर विस्तार के नाम पर दी जा रही पेड़ों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़। क्षेत्र के वनांचल इलाकों में इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा नए 11 केवी फीडर लाइन विस्तार के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। बिलाईगढ़ अंतर्गत 33ध11 केवी धनसीर विद्युत उपकेंद्र से तीन नए फीडरों धनसीर, कारीपाठ बाईफरकेशन, सलिहा फीडर धनसीर, सलिहा, सिरमाल, दयालपुर, कुकरीकोना,भोगडीह तथा पिरदा फीडर धनसीर, बगमल्ला, भोरकाडीपा, चंद्रनगर का निर्माण कार्य जारी है। इनमें से कई हिस्से सीधे वन मार्गों से होकर गुजरते हैं, जहाँ सैकड़ों पेड़ काटे जा चुके हैं। कार्यकारी विभाग द्वारा 12 नवंबर को सहायक अभियंता, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उपसंभाग बिलाईगढ़ ने वन मंडल अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ से पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई की अनुमति माँगी है। परंतु स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दो माह पहले से कार्य लगातार प्रगतिरत है, और अनुमति के बिना ही टहनियों के साथ बड़े पेड़ों को भी काटा गया है, जिससे वन संपदा और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार केवल टहनी छटाई की अनुमति माँगी गईए पर जमीन पर पूरे पूरे पेड़ काटे गए। ग्रामीणों के अनुसार कटाई का दायरा बेहद बड़ा है, जिससे जंगल की हरियाली, जैव विविधता और वन्यजीवों के आवास पर खतरा बढ़ गया है। बिना अनुमति भारी पैमाने पर पेड़ गिराया जाना वन विभाग की सतर्कता और समन्वय पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों, पर्यावरणप्रेमियों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। प्रशासन पर अब जवाबदेही का दबाव बढ़ गया है। विभागीय लापरवाही, ठेकेदार की मनमानी और अनधिकृत कटाई की पूर्ण जांच तथा कड़ी कार्रवाई की माँग की जा रही है। वहीं सहायक अभियंता ने कहा कि पेड़ों की कटाई छटाई के लिए अनुमति वन मंडलाधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ को पत्र भेजा जा चुका है। अभी तक अनुमति अभी तक अप्राप्त है। दूसरी ओर रेंजर का कहना है क विद्युत विभाग ने इस कार्यालय से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली है। न विभाग और न ठेकेदार ने कोई पूर्व सूचना दी है। अपनी मनमर्जी से पेड़ काटे जा रहे हैं। काटे गए पेड़ों की गणना कर एफआईआर दर्ज करने कहा गया है।





online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411